CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

(प्रेस विज्ञप्ति)

कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को मिला 10 लाख का पैकेज

कैटलिस्ट कॉलेज के तीन छात्रों का 'बिजनेस डेवलमपेंट ट्रेनी' के रूप में चयन हुआ 'बाइजुज़' में

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज कॉलेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत जानी मानी ऑनलाइन एजुकेशन कंपनी 'बाइजुज़' का कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया | इंटरव्यू के सभी दौरों के पश्चात कैटलिस्ट कॉलेज के तीन छात्रों, राहुल कुमार, साजन कुमार तथा हरी आशीष को 'बाइजुज़' द्वारा 'बिजनेस डेवलमपेंट ट्रेनी' के रूप में चयनित किया गया | कैटलिस्ट कॉलेज के इन सभी छात्रों को प्रारम्भ में बैंगलोर में पोस्टिंग मिली है | कुछ समय के पश्चात इन छात्रों को विभिन्न महानगरों में पोस्टिंग दी जाएगी | इन सभी छात्रों को 10 लाज का पैकेज प्राप्त हुआ है | जिसमें से 7 लाख की फिक्स्ड सैलरी है तथा 3 लाख की वेरियबल सैलरी के रूप में है | इन छात्रों को बाइजूज़ के ऑनलाइन एजुकेशन वर्टीकल में अपने कार्य को संपादित करना है | वर्तमान में कोरोना पैनडमिक को लेकर ऑनलाइन एजुकेशन का क्षेत्र काफी तेजी से तरक्की कर रहा है | कैटलिस्ट कॉलेज में स्टार्टप्स के क्षेत्र में भी छात्रों को प्लेसमेंट मिल रहा है |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशन नीरज अग्रवाल ने कहा कि ' कोरोना पैनडमिक के इस दौर में भी कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को लगातार प्लेसमेंट मिलता रहा है | यह प्लेसमेंट उसी सफलता की अगली कड़ी है | वही इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज कि सेंटर हेड मेघा अग्रवाल तथा डीन नीरज पोद्दार ने भी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उन्होने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना की |